## भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में 18 जून, 2026 को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजभाषा कार्यशाला का उद्घाटन ब्यूरो के निदेशक, डॉ. टी. वेंकटेसन ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यशाला में **"आग से बचाव की सावधानियाँ और नियंत्रण के उपाय"** विषय पर कर्मयोगी भारत पोर्टल के माध्यम से एक नवाचार कार्यशाला का सफल आयोजन किया। इस कार्यशाला में वैज्ञानिकों और प्रशासनिक अधिकारियों – डॉ. दीपा भगत, डॉ. अंकिता गुप्ता, डॉ. ऋचा वार्ष्णेय, डॉ. राजगोपाल, श्री जे. मैथ्यू, श्री योगेश कास्वां, सुश्री शेफाली सेठ और श्री तुषार सिंह ने, इस ज्वलंत विषय को ब्यूरो के कर्मचारियों/अधिकारियों के समक्ष विस्तार पूर्वक एवं रुचिकर रूप में जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला में ब्यूरो के समस्त वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक, कुशल सहायक वर्ग के कर्मियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।















I
ICAR - NBAIR

